# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| पाठ- मेरी माँ (आत्मकथा) | Topic -प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book. |

पाठ-8 मेरी माँ (आत्मकथा)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न -1बिस्मिल की बहनों को छोटी आयु में शिक्षा कौन दिया करता था ?

उत्तर- बिस्मिल की बहनों को छोटी आयु में शिक्षा उनकी माताजी दिया करती थीं ।

प्रश्न 2- दादी जी ने अपनी छोटी बहन को कहाँ बुलाया था ?

उत्तर- दादी जी ने अपनी छोटी बहन को शाहजहाँपुर बुलाया था ।

प्रश्न 3- बिस्मिल जी ने अपनी आत्मकथा कहाँ लिखी थी ?

उत्तर- बिस्मिल जी ने अपनी आत्मकथा जेल में लिखी थी।

प्रश्न 4- रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने कौन-सा लोकप्रिय तराना लिखा था?

उत्तर- रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने लोकप्रिय तराना 'सरफ़रोशी की तमन्ना' लिखा था।

प्रश्न 5 - लेखक को किसका ऋण उतारने का अवसर नहीं मिला?

उत्तर- लेखक को अपनी माँ का ऋण उतारने का अवसर नहीं मिला।

प्रश्न 6- धर्म-रक्षार्थ किनकी मृत्यु की खबर सुनकर गुरु गोविंद सिंह जी की धर्मपत्नी प्रसन्न हुई थी?

उत्तर-धर्म-रक्षार्थ अपने पुत्रों की मृत्यु की खबर सुनकर गुरु गोविंद सिंह जी की धर्मपत्नी प्रसन्न हुई थी।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 रामप्रसाद 'बिस्मिल' में जो कुछ जीवन तथा साहस आया, वह किसकी कृपा का फल था?

उत्तर- रामप्रसाद 'बिस्मिल' जी ने माता जी एवं गुरुदेव श्री सोमदेव जी की कृपा से कुछ जीवन और साहस पाया।

प्रश्न 2 - इस पाठ से विद्यार्थियों को क्या प्रेरणा मिलती है ?

उत्तर- पाठ हमें जन्मदात्री माँ के प्रति आदर और प्रेम की भावना सिखाता है। माताओं की माता 'माँ भारती' की सेवा और उनकी रक्षा व स्वतंत्रता के लिए बलिदान हो जाने की प्रेरणा देता है।

प्रश्न 3 - बिस्मिल जी ने कौन-सी आत्मकथा लिखी? इसका क्या प्रभाव पड़ा ?

उत्तर- बिस्मिल द्वारा लिखी आत्मकथा का नाम है 'निज – जीवन की एक छटा।' इस आत्मकथा के कारण अंग्रेज़ बिस्मिल को फाँसी देने के बाद भी हरा न सके।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न -1 प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी भगतसिंह ने बिस्मिल के बारे में क्या कहा?

उत्तर -"रामप्रसाद 'बिस्मिल' जी बड़े होनहार थे। क्रांतिकारी होने के साथ-साथ, वे महान साहित्यकार व लेखक भी थे। जानने वाले कहते हैं कि यदि किसी और जगह या किसी और देश या किसी और समय पैदा हुए होते तो सेनाध्यक्ष बनते ।" यह कहना था स्वतंत्रता सेनानी भगतसिंह का।

प्रश्न-2 अंग्रेजों ने बिस्मिल के साथ कैसा व्यवहार किया?

उत्तर- जब बिस्मिल का जन्म हुआ तब भारत पर अंग्रेजों का शासन था। बिस्मिल के मन में छोटी आयु से ही देश को स्वतंत्र कराने की भावना धर कर गई थी। वे अंग्रेजी शासन से निरंतर लड़ते रहे। अंग्रेजों ने इन्हें जेल भेज दिया। जेल में उन पर अनेक अत्याचार किए गए और अंत में 30 वर्ष की आयु में फाँसी पर चढ़ा दिया।

शब्दार्थ :

होनहार भावी, अच्छे लक्षणों वाला-yet to be , person having good qualities। गज़ब – कमाल extraordinary। आधिपत्य – प्रभुत्व, अधिकार givernorship ,control rule। आत्मकथा- अपने जीवन की कथा autobiography। प्रकाशित – जो छापा एवं प्रचारित किया गया हो published। अंश – भाग part

अनुरोध – याचना करना appeal , request । सद्व्यवहार सदाचार, अच्छा व्यवहार good behaviour ,moral conduct | संकल्प – निश्चय प्रतिज्ञा definite intention ।

हस्ताक्षर दस्तखत, (सिग्नेचर -signature | खारिज – अस्वीकृत rejected । आचरण – व्यवहार norm of conduct , behaviour। नितांत – एकदम, बिल्कुल utterly, excessive प्रबंध-व्यवस्था arrangement , administration। अक्षर-बोध । वर्ण- ज्ञान literacy । देवनागरी- भारत की प्रसिद्ध लिपि Devanagari script । वार्तालाप – बातचीत conversation । निर्वाह- गुजारा accomplishment। प्राणदंड – मृत्युदंड capital punishment ,to execute । जन्मदात्री – जन्म देने वाली । उऋण ऋण से मुक्त free from debt ।

संलग्न – साथ जुड़ा हुआ, लगा हुआ closely attached ,united । श्रेय – यश glory ,fame । ताड़ना-दंड देना to punish ,to scold । धृष्टतापूर्ण- उद्दंडता shamelessness ,daring । परिणाम – नतीजा result । सदैव – हमेशा always। सांत्वना – ढाढ़स बँधाना, तसल्ली देना to console । उज्ज्वल – दीप्तिमय, चमकीला bright । विचलित- अस्थिर inconstant|



## व्याकरण भाग - पर्यायवाची , विशेषण उपसर्ग ,प्रत्यय , वाक्यांश –

प्रश्न 1 – निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 – रात्रि | - | रात , | निशा , | रजनी |
| 2 – जननी | - | माता , | माँ , | अंबा |
| 3 – नरेश | - | राजा , | भूप , | नृप |
| 4 – आँख | - | नयन , | नेत्र , | चक्षु |
| 5 – गृह | - | घर , | भवन , | आलय |
| 6 – सिंह | - | केसरी , | शेर , | वनराज |
| 7 – साथी | - | मित्र , | सखा , | दोस्त |
| 8 – वृक्ष | - | पेड़ , | तरु , | विटप |
| 9 – हाथी | - | गज , | नाग , | हस्ती |
| 10 – पुत्री | - | बेटी , | सुता , | आत्मजा |

प्रश्न – 2 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए –

| | | |
|---|---|---|
| 1 – | आँधी में कभी-कभी विशाल वृक्ष गिर जाते हैं। | विशाल |
| 2 – | सीमा ने पाँच कपड़े खरीदे हैं। | पाँच |
| 3 – | मेरी चाय में थोड़ी-सी चीनी डालो। | थोड़ी-सी |
| 4 – | मौसी नया उपहार लाई। | नया |
| 5 – | मेरे पास कुछ फ़ल हैं। | कुछ |
| 6 – | गाड़ी में पेट्रोल कम है। | कम |
| 7 – | बाहर दानी आदमी खड़ा है। | दानी |
| 8 – | मुदित परिश्रमी लड़का है। | परिश्रमी |
| 9 – | यहाँ लोग पीले वस्त्र पहनते हैं। | पीले |
| 10– | लाखों लोग वोट नहीं डालते । | लाखों |

प्रश्न - 3 - दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए -

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 - | निर् | - | निर्+भय | - | निर्भय , | निर्+दोष | - | निर्दोष |
| 2 - | हम | - | हम +राही | - | हमराही , | हम +सफ़र | - | हमसफ़र |
| 3 - | अप | - | अप+मान | - | अपमान, | अप+शब्द | - | अपशब्द |
| 4 - | वि | - | वि +देश | - | विदेश , | वि+नाश | - | विनाश |
| 5- | ख़ुश | - | ख़ुश+बू | - | ख़ुशबू , | ख़ुश+किस्मत | - | ख़ुशकिस्मत |
| 6- | भर | - | भर +पूर | - | भरपूर , | भर +पेट | - | भरपेट |

प्रश्न - 4- दिए गए प्रत्ययों से दो - दो शब्द बनाइए –

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 - | पन | - | बच्चा+पन | - | बचपन , | लड़का+पन | - | लड़कपन |
| 2 - | आपा | - | बूढ़ा+आपा | - | बुढ़ापा , | मोटा+आपा | - | मोटापा |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 - | नाक | - | शर्म+ नाक | - | शर्मनाक | , | दर्द+नाक | - | दर्दनाक |
| 4 - | त्व | - | अपना+त्व | - | अपनत्व | , | देव+त्व | - | देवत्व |
| 5 - | मान | - | शक्ति+मान | - | शक्तिमान | , | बुद्धि+मान | - | बुद्धिमान |
| 6- | ईन | - | रंग+ईन | - | रंगीन | , | नमक+ईन | - | नमकीन |

प्रश्न - 5 - दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

| | |
|---|---|
| 1- जिसमें सहने की शक्ति हो | सहनशील |
| 2- जिसके पास धन न हो | निर्धन |
| 3- जिसके पास धन हो | धनवान |
| 4- स्वयं सेवा करनेवाला | स्वयंसेवक |
| 5- जल में रहनेवाला | जलचर |
| 6- नभ में रहनेवाला | नभचर |

*********************